राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ, जयपुर

आदेश

एकलपीठ सिविल विविध स्थगन प्रार्थना पत्र संख्या-791/2007

इन

एकलपीठ सिविल प्रथम अपील संख्या-644/**2007**

सुशील कुमार गर्ग बनाम राजस्थान आवासन मण्डल व अन्य

दिनांक:**18.07.2008**

माननीय न्यायाधिपति श्री जितेन्द्र राय गोयल

श्री देवेन्द्र कुमार भारद्वाज, अधिवक्ता- अपीलार्थी की ओर से

--

अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को स्थगन प्रार्थना पत्र पर सुना व पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रकरण के समस्त तथ्यों को देखते हुए हमारे मत में अपीलार्थी को इस मामले में किसी प्रकार का कोई अन्तरिम अनुतोष दिये जाने का आधार प्रकट नहीं होता है।

अत: अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत यह स्थगन प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाता है।

(न्या0 जितेन्द्र राय गोयल)